# Daily Current Affairs

Date : 16 August, 2025

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | राजस्थान में सौर ऊर्जा उत्पादन |
| 2. | 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह |
| 3. | 12वाँ भारतीय औद्योगिक मेला: भिवाड़ी |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. राजीव गाँधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2025 |
| 5. | भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 |
| 6. | धीरियो : गोवा में सांडों की लड़ाई |
| 7. | 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह |
| 8. | राष्ट्रीय सम्मेलन मापिकी-2025 |
| 9. | वालेसियन होमिनिड्स की कलाकृतियाँ : इंडोनेशिया |
| 10. | यार्ड 3027 (इक्षक) |
| 11. | समुद्री अभ्यास SLINEX (सलीनेक्स) |
| 12. | जिम लवेल |




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 13. | थिरु ला गणेशन |
| 14. | भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर |
| 15. | पहला वैश्विक MS स्वामीनाथन खाद्य व शांति पुरस्कार, 2025 |
| 16. | क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स, 2025 |
| 17. | सशस्त्र बल अंतर सेवा स्क्वैश चैम्पियनशिप 2025 |
| 18. | एशिया रग्बी (अंडर-20) चैंपियनशिप-2025 |
| 19. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. प्रथम खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स के लोगो और शुभंकर का अनावरण |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राजस्थान परिदृश्य

### राजस्थान में सौर ऊर्जा उत्पादन

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **जुलाई, 2025 तक राज्य सरकार द्वारा सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश एवं नीतिगत निर्णयों के माध्यम से नई परियोजनाओं के तहत् राजस्थान की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 32 हजार 317 मेगावाट तक पहुँच गई हैं।**



➲ **मुख्य बिन्दु :**

**जुलाई, 2025 के आँकड़ों के अनुसार :**

- **प्रदेश के गाँव-ढाणी में लगभग 1530 मेगावाट क्षमता के 772 ग्रिड कनेक्टेड विकेन्द्रित सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इनमें से करीब 1400 मेगावाट के प्लांट मात्र एक वर्ष के भीतर स्थापित किए गए हैं।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **अक्षय ऊर्जा क्षमता :** राज्य की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता 38 गीगावाट से अधिक पहुँच चुकी है। वर्ष 2030 तक अक्षय ऊर्जा स्रोतों से 500 गीगावाट उत्पादन क्षमता हासिल करने के राष्ट्रीय लक्ष्य में राजस्थान सर्वाधिक योगदान देने वाला देश का दूसरा प्रमुख राज्य है।
- **सौर, विंड एवं हाईब्रिड, बॉयोमास, हाइड्रोलिक ऊर्जा क्षमता :** जुलाई माह में राजस्थान की स्थापित सौर ऊर्जा क्षमता 32 हजार 317 मेगावाट, विंड एवं हाईब्रिड क्षमता 5209 मेगावाट, बॉयोमास क्षमता 207 मेगावाट तथा हाइड्रोलिक क्षमता 435 मेगावाट हो गई है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 :** वर्ष 2030 तक राज्य सरकार ने अक्षय ऊर्जा क्षमता बढ़ाकर 125 गीगावाट करने तथा 10 गीगावाट बैटरी एनर्जी स्टोरेज प्रणाली स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।
- इस नीति के तहत् वर्चुअल और नेट मीटरिंग की शुरुआत की गई है। साथ ही, अक्षय ऊर्जा, बायो फ्यूल, ऊर्जा भंडारण तथा ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना के लिए प्रावधान एवं प्रोत्साहन किए गए हैं।

**आर्थिक समीक्षा 2024-25 के अनुसार :**

- दिसंबर, 2024 तक कुल अधिष्ठापित ऊर्जा क्षमता 26325 मेगावाट हैं राजस्थान में बिजली उत्पादन कई स्रोतों से किया जाता है, जो एक स्थिर और विभिन्न ऊर्जा आपूर्ति को सुनिश्चित करता है। इन स्रोतों में तापीय, जलविद्युत, गैस आधारित उत्पादन और नवीकरणीय ऊर्जा (पवन, सौर और बायोमास) शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **हरित हाइड्रोजन उत्पादन** : राजस्थान की एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति, 2024 का लक्ष्य 2030 तक 2,000 किलो टन प्रति वर्ष (KTPA) हरित हाइड्रोजन उत्पादन प्राप्त करना है।

- **बॉयोमास ऊर्जा (जैविक द्रव्य ऊर्जा)** : बायोमास ऊर्जा भी एक स्वच्छ ऊर्जा का महत्त्वपूर्ण स्त्रोत है, जिसके महत्त्वपूर्ण स्त्रोत सरसों की तूड़ी व विलायती बबूल है। राज्य में दिसम्बर, 2024 तक 128.45 मेगावाट क्षमता के 14 बायोमास संयंत्र स्थापित किये जा चुके हैं, जिसमें से 28 मेगावाट क्षमता के 2 संयंत्र वर्ष 2012 से बन्द हैं। वर्तमान में कुल 105.40 मेगावाट क्षमता के 8 बायोमास संयंत्रों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। राजस्थान सरकार ने 29 सितम्बर, 2023 को बायोमास एवं वेस्ट टू ऐनर्जी नीति 2023 जारी की है।

- **पवन ऊर्जा** : भारत सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के तहत् नेशनल इंस्टीटूयट ऑफ विण्ड एनर्जी (NIWE) द्वारा किये गये अध्ययन के अनुसार राज्य में पवन ऊर्जा की 150 मीटर की ऊँचाई (धरातल स्तर से) पर अनुमानित क्षमता लगभग 284 गीगावाट है। राज्य में दिसम्बर, 2024 तक कुल 5,209 मेगावाट क्षमता के पवन ऊर्जा संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं, इसके अलावा दिसंबर, 2024 तक 1,690 मेगावाट हाइब्रिड क्षमता चालू की गई है जिसमें 867 मेगावाट पवन क्षमता शामिल है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह

## ➲ चर्चा में क्यों?

- **15 अगस्त, 2025 को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया।**



## ➲ मुख्य बिन्दु :

### प्रमुख घोषणाएँ और विकास यात्रा :

- **मिशन हरियालो के तहत् राज्य सरकार ने राजस्थान में 5 वर्ष में 50 करोड़ पौधे लगाने के लक्ष्य के अंतर्गत अब तक 15 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए।**
- **5 वर्ष में 53 हजार किलोमीटर सड़क नेटवर्क तैयार किया जाएगा।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान बनाने के संकल्प के क्रम में राज्य सरकार द्वारा आयोजित राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में प्राप्त 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्तावों को तेजी से धरातल पर उतारा जा रहा इसी के तहत् संपूर्ण भारत में जहाँ प्रधान खनिज के 500 ब्लॉक ही आवंटित हुए, वहीं राजस्थान ने 100 से अधिक ब्लॉक आवंटित किए हैं।
- राजस्थान एकीकृत स्वच्छ ऊर्जा नीति-2024 के तहत् वर्ष 2030 तक प्रदेश के अक्षय ऊर्जा उत्पादन को 125 गीगावाट तक बढाने का लक्ष्य रखा गया।
- **वंचित और जरूरतमंद वर्ग का उत्थान :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गाँव योजना के तहत् BPLपरिवारों को गरीबी से बाहर लाया जा रहा है। युवाओं के लिए हमने 5 वर्षों में 4 लाख सरकारी और निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियाँ सृजित करने का संकल्प लिया है। 75 हजार से अधिक नियुक्ति पत्र सौंपे जा चुके हैं, 1 लाख 68 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चल रही है। 3 लाख युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया गया है।
- महिलाओं को 450 रुपये में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के तहत् 25 लाख रुपये तक के नि:शुल्क इलाज, लखपति दीदी के तहत् 14 लाख महिलाओं को प्रशिक्षण देकर 7 लाख 80 हजार लखपति दीदी एवं मा वाउचर योजना के तहत् गर्भवती महिलाओं को नि:शुल्क सोनोग्राफी, लाडो प्रोत्साहन योजना में 2 लाख 30 हजार बालिकाओं को डेढ़ (1.5) लाख रुपये का सेविंग बॉण्ड जैसी योजनाओं वंचित और जरूरतमंद वर्ग का उत्थान कर रही हैं।
- किसान सम्मान निधि के तहत् 76 लाख से अधिक किसानों को 6 हजार 845 करोड़ रुपये दिए गए। किसानों को 35 हजार 738 करोड़ का बिजली बिल अनुदान तथा 1 लाख 60 हजार कृषि कनेक्शन जारी किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **महिला सुरक्षा :** पहले चरण में 500 कालिका पेट्रोलिंग यूनिट का संचालन किया है। तीन महिला बटालियन और 65 एंटी रोमियो स्क्वॉड की पहल भी की है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- 79वें स्वतंत्रता दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह की पूर्व संध्या पर मेहरानगढ़ दुर्ग में आयोजित समारोह में 14 अधिकारी-कर्मचारियों को पुलिस पदक प्रदान किए गए।
- समाजसेवियों और लोक कलाकारों को सम्मानित किया गया, जिसमे चिकित्सा एवं समाज सेवा के क्षेत्र में डॉ. विनोद कुमार जैन (सीकर), ज्वेलरी डिज़ाइन में पारूल पाटनवाल (जयपुर), पंचायत स्तर पर वृहद विकास कार्य के लिए दिव्यांश भारद्वाज (ग्राम-आवा, टॉक), वृक्षारोपण के लिए ग्राम पंचायत दौलपुरा, पंचायत समिति मांडलगढ़ (भीलवाड़ा), असाधारण शैक्षणिक गतिविधियों के लिए कोमल वर्मा सलूजा (कोटा) एवं समाज सेवा के लिए वेदप्रकाश पटेल (डीग) शामिल हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 12वाँ भारतीय औद्योगिक मेला: भिवाड़ी



## ➲ चर्चा में क्यों?

- 14 अगस्त, 2025 को वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़, लघु उद्योग भारती द्वारा आयोजित 12वें भारतीय औद्योगिक मेले (India Industrial Fair 2025) के अनावरण समारोह में शामिल हुए।

## ➲ मुख्य बिन्दु :

- **अनावरण समारोह :** 14 अगस्त, 2025 को MSME टेक्नोलॉजी सेंटर, पथरेड़ी (भिवाड़ी) में आयोजित किया गया।
- **आयोजन :** 19, 20 व 21 सितम्बर, 2025
- **आयोजक :** जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र भिवाड़ी तथा लघु उद्योग भारती भिवाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जाएगा।
- मेले में देशभर से लगभग 300 MSME इकाइयों के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही 100 वृहद उद्योग, कंपनियाँ और हस्तशिल्पी भी भाग लेंगे।
- मेले में एक जिला एक उत्पाद योजना के तहत् राजस्थान के 41 जिलों के उत्पादों का प्रदर्शन किया जाएगा।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **राजीव गाँधी लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड, 2025**<br>♦ 19 अगस्त, 2025 को राजीव गाँधी क्रिकेट क्लब द्वारा राजस्थान रणजी टीम के पूर्व कप्तान और सीनियर सलेक्टर्स रहे संजय व्यास को राजीव गाँधी लाइफटाइम अचीवमेंट, 2025 अवॉर्ड प्रदान किया जाएगा।<br>♦ संजय व्यास ने राजस्थान के लिए 30 प्रथम श्रेणी मैच खेले हैं। |

CIVIL SERVICES



UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## राष्ट्रीय परिदृश्य

## भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **12 अगस्त, 2025 को लोकसभा ने केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल द्वारा प्रस्तुत भारतीय बंदरगाह विधेयक, 2025 को पारित किया।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **यह विधेयक 115 वर्ष पुराने भारतीय बंदरगाह अधिनियम, 1908 को प्रतिस्थापित करेगा।**
- **उद्देश्य : व्यापार दक्षता को बढ़ावा देना, बंदरगाह डिजिटलीकरण, रसद लागत को कम करना और भारत को वैश्विक समुद्री नेता के रूप में स्थापित करना।**

**प्रमुख विशेषताएँ**

- **यह विधेयक MARPOL जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों के अनुरूप, हरित पहलों, प्रदूषण नियंत्रण और आपदा प्रबंधन को महत्व देता है।**
- **संस्थागत ढाँचा : एक सशक्त समुद्री राज्य विकास परिषद् (MSDC) बंदरगाह विकास के लिए केंद्र और राज्य के प्रयासों का समन्वय करेगी, जबकि राज्य समुद्री बोर्ड गैर-प्रमुख बंदरगाहों की देखरेख करेंगे। विवाद समाधान समितियाँ बंदरगाहों, उपयोगकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं के मध्य विवादों का समाधान करेगी।**

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **वर्ष 2023 में भारत की अंतरराष्ट्रीय शिपमेंट रैंकिंग 44 से सुधरकर 23 हो गई है।**



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# धीरियो : गोवा में सांडों की लड़ाई

## ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, गोवा में सांस्कृतिक और पर्यटन कारणों से सांडों की लड़ाई (धीरियो या धीरी) को कानूनी रूप से वैध बनने की माँग की जा रहा हैं।




## ➲ मुख्य बिन्दु :

- **उत्पत्ति :** यह पुर्तगालियों के समय से गोवा का एक पारंपरिक खेल बन गई हैं।
- यह स्पेनिश बुलफाइटिंग से अलग हैं क्योंकि यह कम जटिल और इसमें कोई मैटाडोर या अनुष्ठानिक हत्या शामिल नहीं है।
- **आयोजन :** फसल कटाई के बाद के उत्सवों के दौरान धान के खेतों या फुटबॉल मैदान में आयोजित की जाती हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

### धीरियो से संबंधित महत्त्वपूर्ण निर्णय :

- वर्ष 1997 में बॉम्बे उच्च न्यायालय द्वारा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 के तहत् प्रतिबंधित कर दिया गया था। जिसे उच्चतम न्यायालय ने बरकरार रखा।

### अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### जल्लीकट्टू :

- जल्लीकट्टू (तमिलनाडु में खेले जाने वाला पारंपरिक खेल जिसमें बैलों को नियंत्रित किया जाता है) को पशु क्रूरता के कारण वर्ष 2014 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्रतिबंधित कर दिया गया था, लेकिन बाद में वर्ष 2023 में सर्वोच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की संस्कृति का हिस्सा मानते हुए इस खेल को जारी रखने की अनुमति प्रदान की गई।

### कंबाला :

- **आयोजन :** फसल कटने के बाद दलदली धान के खेतों में दौड़ का आयोजन किया जाता हैं।
- **राज्य :** तटीय कर्नाटक के जिलों में प्रचलित एक लोक खेल है।
- **कम्बाला की विभिन्न श्रेणियां :** नेगिलु (हल), हग्गा (रस्सी), अड्डा हालेज और केन हालेज आदि।
- **कम्बाला के प्रकार :** पूकेरे कम्बाला और बारे कम्बाला
- **कंबाला पर प्रतिबंध :** वर्ष 2014 में जल्लीकट्टू और बैलगाड़ी दौड़ के साथ-साथ कंबाला पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था।
- **कंबाला पर प्रतिबंध हटाना :** जनवरी, 2016 में पर्यावरण मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर छूट प्रदान की गई।

### मरमाडी :

- **उपनाम :** कलप्पुट्टु या पोथोट्टम।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **आयोजन :** यह दौड़ ताज़ा जुते हुए धान के खेतों (कंदम) में होती है, आमतौर पर फसल के मौसम के बाद आयोजित की जाती है।
- **राज्य :** केरल।
- **प्रसिद्ध स्थान :** सबसे प्रसिद्ध मरमाडी दौड़ ओणम त्योहार के दौरान पठानमथिट्टा जिले के आनंदपल्ली गाँव में आयोजित की जाती है।

| उत्सव | राज्य | विवरण |
|---|---|---|
| कंबाला | कर्नाटक | कीचड़ भरे धान के खेतों में भैंसों की दौड़ आयोजित की गई। |
| जल्लीकट्टू | तमिलनाडु | पारंपरिक बैल-वशीकरण कार्यक्रम, पोंगल उत्सव का हिस्सा। |
| मारामाडी | केरल | कंबाला के समान, जलभराव वाले धान के खेतों में आयोजित बैल दौड़। |
| पट्टायन | महाराष्ट्र | ग्रामीण क्षेत्रों में बैलगाड़ी दौड़ आयोजित की गई। |
| रेल्ला | तमिलनाडु | बैलगाड़ी दौड़, विशेष रूप से कोयंबटूर क्षेत्र में लोकप्रिय है। |
| गाड़ी दौड़ (शंकरपट्टा) | आंध्र प्रदेश | विभिन्न त्योहारों के दौरान बैलगाड़ी दौड़ आयोजित की जाती है। |
| कैल्पोध | कर्नाटक (कोडागु क्षेत्र) | कैल्पोद उत्सव के एक भाग के रूप में बैल दौड़ का आयोजन किया जाता है, जो फसल कटाई के मौसम का जश्न मनाता है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# 79वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह

## चर्चा में क्यों?

- **15 अगस्त, 2025 को 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन नई दिल्ली स्थित लाल किले पर आयोजित किया गया।**




## मुख्य बिन्दु :

### प्रमुख घोषणाएं :

1. **सेमीकंडक्टर : भारत, मिशन मोड के अंतर्गत वर्ष, 2025 के अंत तक देश की पहली मेड इन इंडिया चिप लॉन्च करेगा।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2. **वर्ष 2047 तक परमाणु ऊर्जा क्षमता को दस गुना तक बढ़ाया जाएगा :** आगामी दो दशकों में परमाणु ऊर्जा उत्पादन क्षमता को दस गुना से अधिक बढ़ाने के भारत के मिशन के तहत् 10 नए परमाणु रिएक्टरों पर कार्य जारी हैं।

3. **GST सुधार :** अक्टूबर, 2025 तक अगली पीढ़ी के GST सुधारों का अनावरण किया जाएगा, जिससे आवश्यक वस्तुओं पर कर कम हो जाएगा और MSME, स्थानीय विक्रेताओं और उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी।

4. **सुधार कार्य बल का गठन :** अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए एक समर्पित सुधार कार्य बल का गठन किया जाएगा जिसका उद्देश्य आर्थिक विकास को गति देना, लालफीताशाही को कम करना, शासन का आधुनिकीकरण करना और वर्ष 2047 तक भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओ के लिए तैयार करना है।

5. **PM विकसित भारत रोजगार योजना :** 3 करोड़ युवा भारतीयों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ₹1 लाख करोड़ की PM विकसित भारत रोजगार योजना का शुभारंभ किया गया जिसके तहत् नए रोज़गार हेतु युवाओं को प्रतिमाह ₹15,000 प्रदान किया जाएगा।

6. **उच्च-शक्ति जनसांख्यिकी मिशन :** सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ और अवैध प्रवास के कारण जनसांख्यिकीय असंतुलन के खतरों से निपटने के लिए एक उच्च-स्तरीय जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने की घोषणा की गई।

7. **राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन :** समुद्री संसाधनों के दोहन के लिए राष्ट्रीय गहरे जल अन्वेषण मिशन की शुरुआत की घोषणा के साथ ही सौर, हाइड्रोजन, जलविद्युत और परमाणु ऊर्जा में बड़े विस्तार की भी घोषणा की।

- इस मिशन को "समुद्र मंथन" नाम दिया गया जिसका उद्देश्य समुद्र में तेल और गैस भंडारों की खोज करना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

8. **भारत में निर्मित जेट इंजन - एक राष्ट्रीय चुनौती : इसके अंतर्गत भारत द्वारा स्वयं ही जेट इंजनों का निर्माण करेगा।**

9. **'मिशन सुदर्शन चक्र' पहल का अनावरण : यह महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय सुरक्षा पहल हैं, जिसका उद्देश्य आगामी दस वर्षों में स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास के माध्यम से अगले दशक में भारत के महत्त्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा करना है।**

**पुरस्कार वितरण :**

- **79वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने 127 वीरता और 40 विशिष्ट सेवा पुरस्कारों को मंजूरी दी। इनमें कुल 15 वीर चक्र, 4 कीर्ति चक्र, 16 शौर्य चक्र हैं। वहीं, 7 सर्वोत्तम युद्ध सेवा पदक, 9 उत्तम युद्ध सेवा पदक और 24 युद्ध सेवा पदक भी घोषित किए गए। ऑपरेशन में असाधारण वीरता दिखाने वाले BSF के 16 जवानों को वीरता पदक, दो जवानों को मरणोपरांत वीर चक्र दिया जाएगा।**
- **वीरता पुरस्कार में राजस्थान के बारां जिले से अनिमेष पाटनी का भी चयन किया गया हैं।**
- **लालकिला समारोह में विशेष अतिथि (सरपंच) : स्वतंत्रता दिवस समारोह में देशभर के 85 और राजस्थान के 3 महिला सरपंच को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।**
- **यह आमंत्रण ग्रामीण भारत में परिवर्तनकारी बदलाव लाने वाले जमीनी स्तर के नेताओं को सम्मानित करने की केंद्र की परंपरा का हिस्सा है।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय सम्मेलन मापिकी-2025



## ➲ चर्चा में क्यों?

- 11 से 12 अगस्त, 2025 तक नई दिल्ली स्थित CSIR-राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन मापिकी 2025 का आयोजन किया।

## ➲ मुख्य बिन्दु :

- **विषय :** 'Measurements for All Times, for All People'/ 'सभी समय के लिए, सभी लोगों के लिए मापन'
- **उद्देश्य :** सभी हितधारकों को एक मंच पर लाना और देश में मेट्रोलॉजिकल ट्रेसेबिलिटी श्रृंखला को मजबूत करने और देश के आर्थिक और सामाजिक विकास में योगदान करने के लिए मेट्रोलॉजी के क्षेत्र में विकास, नवाचारों और चुनौतियों के बारे में चर्चा करना।
- सम्मेलन में एक पोस्टर सत्र में 44 पोस्टर प्रदर्शित किए और सर्वश्रेष्ठ पोस्टरों को पुरस्कृत भी किया गया।
- सम्मेलन में प्रतिभागी शोधकर्ताओं द्वारा गए इस कार्यक्रम में CSIR-NPL ने उद्योग जगत को तकनीकी अनुप्रयोग के लिए सामग्रियों की पुनर्प्राप्ति हेतु धातु/पॉलिमर लैमिनेट-आधारित एमएलपी पुनर्चक्रण नामक तकनीक भी हस्तांतरित की गई।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## वालेसियन होमिनिड्स की कलाकृतियाँ : इंडोनेशिया

### ➲ चर्चा में क्यों?

- **वैज्ञानिकों द्वारा इंडोनेशिया के सुलावेसी द्वीप पर पत्थर के औजारों की एक श्रृंखला की खोज की गई जो एशिया और ऑस्ट्रेलिया के मध्य द्वीपों पर 1.5 मिलियन वर्ष पहले रहने वाले मनुष्यों के प्रमाण हो सकते हैं, जो कि वैलेसिया क्षेत्र में सबसे पहले ज्ञात मानव थे।**




### ➲ मुख्य बिन्दु :

- **ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया के पुरातत्वविदों को दक्षिण सुलावेसी के सोपेंग क्षेत्र में मिट्टी के नीचे छोटे, टूटे-फूटे औज़ार मिले हैं, जिनका इस्तेमाल छोटे जानवरों को काटने और चट्टानों को तराशने में किया जाता था।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इन औज़ारों और जानवरों के दाँतों की रेडियोधर्मी से ज्ञात होता है कि यह 14.8 लाख वर्ष पुराने हैं।
- ऐसा माना जाता है कि, सबसे प्राचीन वालेसियन मानव, प्रागैतिहासिक व्यक्ति जिन्हें होमो इरेक्टस के नाम से जाना जाता है, लगभग 1.02 मिलियन वर्ष पूर्व इंडोनेशिया के फ्लोरेस द्वीप और फिलीपींस के लूजोन द्वीप में बसे थे, क्योंकि उन्हें दूर तक समुद्री यात्रा करने में असमर्थ माना जाता था।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- वालेसिया पूर्वी इंडोनेशिया का एक क्षेत्र है, जिसमें सुलावेसी, लोम्बोक, फ्लोरेस, तिमोर, सुंबावा जैसे कई द्वीप शामिल हैं जो बोर्नियो और जावा तथा ऑस्ट्रेलिया और न्यू गिनी के बीच स्थित हैं। इस क्षेत्र का नाम प्रकृतिवादी अल्फ्रेड रसेल वालेस के नाम पर रखा गया है, जिन्होंने इस क्षेत्र के जीव-जंतुओं और वनस्पतियों का अध्ययन किया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी

## यार्ड 3027 (इक्षक)

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **14 अगस्त, 2025 को चार सर्वेक्षण पोत (बड़े) श्रेणी के जहाजों में तीसरे पोत यार्ड 3027 (इक्षक) को नौसेना में शामिल किया गया।**



➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **डिजाइन : युद्धपोत डिजाइन ब्यूरो, नौसेना।**
- **निर्माण : गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (GRSE), कोलकाता।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- चार बड़े सर्वेक्षण पोतों के लिए अनुबंध पर 30 अक्टूबर, 2018 को हस्ताक्षर किए गए थे।
- **उद्देश्य :** इस जहाज का उद्देश्य बंदरगाहों और उनके पहुँच मार्गों का पूर्ण पैमाने पर तटीय और गहरे पानी में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के साथ नौवहन चैनलों और मार्गों का निर्धारण करना है।
- यह जहाज रक्षा और नागरिक उपयोग के लिए समुद्र विज्ञान और भू-भौतिकीय डेटा भी एकत्र करेगा।
- इक्षक में लागत के हिसाब से 80 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है।
- **तकनीक :** लगभग 3400 टन के विस्थापन और 110 मीटर की कुल लंबाई के वाला इक्षक, अत्याधुनिक हाइड्रोग्राफिक उपकरणों जैसे डेटा अधिग्रहण एवं संसाधित करने वाली प्रणाली, स्वायत्त अंडरवॉटर वाहन, दूर से संचालित वाहन, डीजीपीएस लंबी दूरी की स्थिति निर्धारण प्रणाली और डिजिटल साइड स्कैन सोनार आदि से लैस है तथा दो डीजल इंजनों द्वारा संचालित ये जहाज 18 नॉट से अधिक की गति प्राप्त कर सकता है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- इस श्रेणी के पहले जहाज, आईएनएस संध्याक, को 3 फरवरी, 2024 को और दूसरे जहाज, आईएनएस निर्देशक, को 18 दिसंबर, 2024 को कमीशन किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## समुद्री अभ्यास SLINEX (स्लाइनेक्स)



### चर्चा में क्यों?

- 14 से 18 अगस्त, 2025 तक श्रीलंका-भारत नौसेना अभ्यास (SLINEX) के 12वें संस्करण का आयोजन श्रीलंका में किया जा रहा हैं।

### मुख्य बिन्दु :

- यह अभ्यास दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहला चरण कोलंबो में हार्बर चरण के साथ शुरू होगा जो 14 से 16 अगस्त, 2025 तक चलेगा और इसके बाद 17 से 18 अगस्त, 2025 तक समुद्री चरण का आयोजन किया जाएगा।
- **शुरुआत :** वर्ष 2005
- **उद्देश्य :** संयुक्त रूप से बहुआयामी समुद्री संचालन के साथ इंटरऑपरेबिलिटी, समुद्री सहयोग को बढ़ाना और सर्वोत्तम प्रथाओं का आदान-प्रदान करना।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- **11वें संस्करण का आयोजन:** 17 से 20 दिसंबर, 2024 तक भारत के विशाखापत्तनम में आयोजित किया गया था।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# व्यक्तित्व

## जिम लवेल



### ➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नासा के अपोलो 13 (वर्ष 1970) चंद्र मिशन के कमांडर, अंतरिक्ष यात्री जिम लवेल का 97 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

### ➲ मुख्य बिन्दु :

- अपोलो 8 मिशन का भी हिस्सा रहे लवेल, चंद्रमा पर दो बार जाने वाले पहले व्यक्ति थे, लेकिन कभी चंद्रमा पर उतरे नहीं।
- इन्होंने कुल चार बार उड़ाने भरी : जेमिनी 7, जेमिनी 12, अपोलो 8 और अपोलो 13

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**अपोलो 11 :**

- 20 जुलाई, 1969 को अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग और एडविन "बज़" एल्ड्रिन चंद्रमा पर उतरने वाले पहले मानव बने।
- अपोलो कार्यक्रम का उद्देश्य मनुष्यों को चंद्रमा पर उतारना तथा उन्हें सुरक्षित रूप से पृथ्वी पर वापस लाना था।
- चंद्रमा पर चलने वाले अंतिम व्यक्ति अपोलो 17 मिशन के अंतरिक्ष यात्री यूजीन सेरनन और हैरिसन श्मिट थे।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# थिरु ला गणेशन

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, नागालैंड के राज्यपाल ला गणेशन का 80 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।



## मुख्य बिन्दु :

- वरिष्ठ भाजपा नेता ला गणेशन को फरवरी, 2023 में नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया था। इससे पहले, उन्होंने मणिपुर के राज्यपाल के रूप में कार्य किया और कुछ समय के लिए पश्चिम बंगाल का अतिरिक्त प्रभार भी संभाला।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर

## चर्चा में क्यों?

- 12 अगस्त, 2025 को चेस मास्टर रोहित कृष्णा ने कज़ाकिस्तान में आयोजित अल्माटी मास्टर्स कोनाएव कप के अंतिम दौर में रोमानिया के IM आर्टुर दावत्यान को हराकर तीसरा व अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पूरा किया तथा विश्व में शीर्ष पर रहे।
- इसी उपलब्धि के साथ रोहित कृष्णा, भारत के 89वें ग्रैंडमास्टर बन गए हैं।



## मुख्य बिन्दु :

- रोहित कृष्णा ने पहला ग्रैंडमास्टर नॉर्म मार्च,2025 में स्टॉकहोम नॉर्थ ग्रैंडमास्टर राउंड-रॉबिन टूर्नामेंट जीतकर हासिल किया था।
- रोहित ने दूसरा नॉर्म जून,2025 में दुबई ओपन में हासिल किया था।
- वर्ष 2022 में रोहित कृष्णा इंटरनेशनल मास्टर बने थे।



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

### भारत के ग्रैंडमास्टर :

| | |
|---|---|
| 88वीं ग्रैंडमास्टर (कोनेरू हंपी, द्रोणावल्ली हरिका और आर. वैशाली के बाद भारत की चौथीं महिला) | दिव्या देशमुख |
| 87 वें ग्रैंडमास्टर | ए. रा हरिकृष्णन |
| 86 वें ग्रैंडमास्टर | श्रीहरि LR |
| भारत के पहले भारतीय ग्रैंडमास्टर(वर्ष 1988) | विश्वनाथन आनंद |
| पहली भारतीय महिला ग्रैंडमास्टर (वर्ष 2002) | कोनेरू हंपी |

- प्रथम भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर मैनुअल एरॉन वर्ष 1961 में बने थे तथा अंतरराष्ट्रीय मास्टर का खिताब जीतने वाली प्रथम भारतीय महिला जयश्री खादिकर वर्ष 1979 में बनी थीं।

### शतरंज में भारत की वैश्विक स्थिति :

- अक्टूबर, 2025 में गोवा FIDE पुरुष विश्व कप, 2025 की मेज़बानी करेगा।

| चैम्पियनशिप | भारतीय ग्रैंडमास्टर |
|---|---|
| वर्ल्ड चैम्पियन | गुकेश डोम्माराजु |
| वर्ल्ड रैपिड चैम्पियनशिप | कोनेरू हम्पी |
| चेस ओलंपियाड विजेता | भारत (ओपन) |
| चेस ओलंपियाड विजेता | भारत (महिला) |
| FIDE महिला वर्ल्ड कप विजेता | दिव्या देशमुख |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पुरस्कार

## पहला वैश्विक MS स्वामीनाथन खाद्य व शांति पुरस्कार 2025

➲ **चर्चा में क्यों?**

- **7 अगस्त, 2025 को MS स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन (MSSRF) और द वर्ल्ड एकेडमी ऑफ साइंसेज (TWAS) द्वारा भारत की हरित क्रांति के जनक प्रोफेसर MS स्वामीनाथन के सम्मान में खाद्य एवं शांति के लिए वैश्विक MS स्वामीनाथन खाद्य व शांति पुरस्कार की शुरुआत की गई।**





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ **मुख्य बिन्दु :**

- **पहले प्राप्तकर्ता :** नाइजीरियाई वैज्ञानिक डॉ. एडेमोला एडेनले।
- यह ब्रिटिश टॉक्सिकोलॉजी सोसाइटी में डॉक्टरेट अनुसंधान के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार जीतने वाले पहले अश्वेत व्यक्ति हैं।
- **योगदान :** जापान स्थित संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय में, उन्होंने अफ्रीका के सबसे बड़े GM कृषि अध्ययन और नाइजीरिया की पहली राष्ट्रीय कृषि मृदा प्रबंधन नीति सहित प्रमुख परियोजनाओं का नेतृत्व किया है।
- **पुरस्कार राशि :** इस पुरस्कार के तहत् चयनित प्राप्तकर्ता को 25,000 अमेरिकी डॉलर की धनराशि और एक पदक प्रदान किया जाता है, साथ ही भारत में आयोजित होने वाले पुरस्कार समारोह में उनकी भागीदारी भी शामिल है।
- **पात्रता मापदंड :** पात्र अभ्यर्थी 50 वर्ष से कम आयु के व्यक्तिगत वैज्ञानिक या पेशेवर हैं, किसी विकासशील देश के नागरिक हैं और कम से कम पिछले 5 वर्षों से किसी विकासशील देश में रह रहे हैं और कार्य कर रहे हैं, जिन्होंने खाद्य और पोषण सुरक्षा, खाद्य प्रणालियों (फसल कृषि, मत्स्य पालन, पशुधन, जलीय कृषि और अन्य खाद्य उत्पादन प्रणालियों सहित) या शांति के लिए जलवायु लचीलापन में उत्कृष्टता और प्रभाव का प्रदर्शन किया है।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

- 6 अगस्त, 2025 को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में सिंगापुर स्थित लेखिका प्रियंबदा जयकुमार द्वारा लिखित डॉ. स्वामीनाथन की जीवनी "द मैन हू फेड इंडिया" का विमोचन किया गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# खेल परिदृश्य

## क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025

**चर्चा में क्यों?**

- **जर्मनी के 20 वर्षीय ग्रैंडमास्टर विंसेंट कीमर ने क्वांटबॉक्स चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2025 जीता लिया और इसी के साथ कीमर इस प्रतियोगिता के इतिहास में पहले एकल चैंपियन बन गए हैं।**




**मुख्य बिन्दु :**

- **कीमर ने डच ग्रैंडमास्टर जॉर्डन वैन फॉरेस्ट के साथ ड्रॉ खेलकर खिताब हासिल किया, जबकि अन्य परिणामों ने उनकी जीत की पुष्टि की। उनके इस प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार लाइव रेटिंग में दुनिया के शीर्ष 10 में भी पहुँचा दिया।**


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- मास्टर्स में, राउंड 8 के सभी खेल ड्रॉ में समाप्त हो गए, जिससे दूसरे और तीसरे स्थान के लिए मुकाबला खुला रह गया।
- अर्जुन एरिगैसी और कार्तिकेयन मुरली, जो अंतिम दौर में एक दूसरे का सामना करेंगे, दावेदारों में शामिल हैं।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**विजेताओं के लिए पुरस्कार राशि**

- मास्टर्स श्रेणी के विजेता को 25 लाख रुपये, उपविजेता को 15 लाख रुपये मिलेंगे. जबकि तीसरे स्थान पर रहने वाले को 10 लाख रुपये दिए जाएंगे इसके अतिरिक्त, चैलेंजर्स श्रेणी के विजेता को 7 लाख रुपये और 2026 मास्टर्स टूर्नामेंट में खेलने का मौका प्रदान किया जाता हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## सशस्त्र बल अंतर सेवा स्क्वैश चैम्पियनशिप 2025

### चर्चा में क्यों?

- 10 से 14 अगस्त, 2025 तक आयोजित सशस्त्र सेना अंतर सेवा स्क्वैश चैंपियनशिप 2025-26 में भारतीय नौसेना ने भारतीय वायु सेना को 2-1 से हराकर चैंपियनशिप जीती।




### मुख्य बिन्दु :

- **फाइनल :** 14 अगस्त, 2025 को चंडीगढ़ स्थित भारतीय वायु सेना के बेस रिपेयर डिपो में खेला गया।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- इस चैंपियनशिप में चार टीमें - आर्मी रेड, आर्मी ग्रीन, वायु सेना और भारतीय नौसेना शामिल थीं।
- इसका उद्देश्य आगामी राष्ट्रीय स्क्वैश चैंपियनशिप में सेवा स्क्वैश टीम का प्रतिनिधित्व करने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन करना था।

**अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :**

**दूसरी एशियाई स्क्वैश डबल्स चैंपियनशिप 2025:**

- **आयोजन :** 23 से 26 जून 2025 तक कुचिंग, मलेशिया में आयोजित की गई।
- **आयोजक :** मलेशिया स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन और सारावाक स्क्वैश रैकेट एसोसिएशन

**भारत का शानदार प्रदर्शन :**

**महिला युगल खिताब**

- **विजेता :** अनाहत सिंह और जोशना चिनप्पा
- **हराया :** आइना अमानी और यी शिन यिंग (मलेशिया)

**मिश्रित युगल खिताब**

- **विजेता :** अनाहत सिंह और अभय सिंह
- **हराया :** अमीषा राज चंद्रन और राचेल अर्नाल्ड (मलेशिया)

**पुरुष युगल खिताब**

- **विजेता :** अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार
- **हराया :** नूर जमान और नासिर इकबाल (पाकिस्तान)


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# एशिया रग्बी (अंडर-20) चैंपियनशिप-2025

## चर्चा में क्यों?

- 9 से 10 अगस्त, 2025 तक बिहार के राजगीर में आयोजित एशिया रग्बी (अंडर-20) चैंपियनशिप-2025 में भारतीय रग्बी टीम ने उज्बेकिस्तान की टीम को हराकर कांस्य पदक हासिल किया।




## मुख्य बिन्दु :

- बिहार में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर की रग्बी प्रतियोगिता आयोजित की गई।
- **आयोजक :** भारतीय रग्बी फुटबॉल

### राजस्थान की खिलाड़ी :

- भारतीय टीम की कप्तान राजस्थान की भूमिका शुक्ला थी।
- झोटवाड़ा, जयपुर की ही मुस्कान पिपलोदा ने भी कांस्य जीतने में अहम भूमिका निभाई।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# न्यूज़ इन शॉर्ट्स

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **प्रथम खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स के लोगो और शुभंकर का अनावरण** |






- **14 अगस्त, 2025 को श्रीनगर में पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (KIWSF) के लोगो और शुभंकर अनावरण किया गया।**
- **शुभंकर : हिमालयन किंगफिशर**
- **लोगो : कश्मीर के बर्फ से ढके पहाड़ों और देवदार के पेड़ों से घिरी डल झील पर शिकारा तैरता हुआ दिखाई देगा।**
- **पहले खेलो इंडिया वाटर स्पोर्ट्स फेस्टिवल (KIWSF) : 21 से 23 अगस्त, 2025 तक जम्मू कश्मीर की डल झील में आयोजित किया जाएगा।**


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **भागीदार :** इसमे 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 400 से ज़्यादा एथलीटों के श्रीनगर में नौकायन, कैनोइंग और कयाकिंग में भाग लेगे है।
- **आयोजक :** KIWSF का आयोजन केंद्रीय युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के सहयोग से जम्मू और कश्मीर खेल परिषद द्वारा किया जाएगा।
- यह वाटर स्पोर्ट्स महोत्सव विस्तारित खेलो इंडिया कैलेंडर का हिस्सा है। इस वर्ष मई में दीव में पहली बार खेलो इंडिया बीच गेम्स का आयोजन किया गया था।


UTKARSH CLASSES उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR